तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 विक्षोभ के प्रभाव से बदली हवा की दिशा, गर्मी से मिलेगी राहत



Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुर 1 नं., जगदलपुर (छ.ग.)
9202462730

## खबर संक्षेप

### उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद 29 को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का क्रियान्वयन जिले के सभी ग्राम पंचायत/ग्रामों में प्राथमिकता पूर्वक किया जाना है। जिसके अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, परिवहन, सेग्रीगेशन शेड में कचरे का पृथक्कीकरण सह उचित निपटान, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध तथा शतप्रतिशत यूजर्स चार्ज कलेक्शन हेतु चिन्हांकित मॉडल ग्राम पंचायतों के नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिव ग्राम पंचायत शामिल होंगे। उन्होंने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने जनपद परिक्षेत्र के सरपंच व सचिव ग्राम पंचायतों को निर्धारित तिथि व समय पर खण्ड स्वच्छता अधिकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को, खंडपीठ गठित

**अम्बिकापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु जिले में विभिन्न खण्डपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव नोडल अधिकारी होंगे। सरगुजा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 24 खंडपीठें गठित की गई हैं, जिनमें कलेक्टर न्यायालय, अपर कलेक्टर न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय, नजूल अधिकारी न्यायालय एवं तहसील न्यायालय शामिल हैं। लोक अदालत में राजस्व दांडिक, भू-अर्जन, आर.बी.सी. 6(4) तथा विविध प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। न्यायालय अवधि समाप्त होते ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ई-मेल, व्हाट्सअप फैक्स या विशेष वाहक के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय भेजी जाएगी।

### पंचायती राज दिवस पर शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के अन्तर्गत प्रथम फेज में 6 विकासखण्ड अन्तर्गत 10-10 ग्राम पंचायतों कुल चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जायेगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर ही ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का ग्राम पंचायत स्तर पर ही नगद आहरण करने की सुविधा दी जाएगी साथ ही विभिन्न योजनाओं की ऑनलाइन जानकारी के साथ नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।इसके लिये ग्राम पंचायत में कार्यरत वीएलई एवं सरपंच के मध्य एक वर्ष का एमओयू हस्ताक्षर किया गया है। अब आम जनों को ग्राम पंचायत में ही नगद आहरण की सुविधा प्राप्त होगी।जिसके लिये हितग्राहियों को किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त राशि या शुल्क नहीं देना होगा। यह सुविधा निःशुल्क होगी ।

# जंगल में गए थे सुअर का शिकार करने, गोली लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र की घटना, बिमलापुर जंगल में गए थे शिकार करने, जांच में जुटी पुलिस, संदेहियों को लिया गया हिरासत में

बलरामपुर जिले के बिमलापुर जंगल में सूअर का शिकार करने गए ग्रामीणों द्वारा अपने ही एक साथी को गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है। भरमार बंदूक से चली गोली के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया है। शनिवार को घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही हथियार को जब्त किया है। इसके साथ ही कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम बेलसर निवासी 40 वर्षीय राजेन्द्र पंडो, 18 वर्षीय मुकेश आयाम व अन्य ग्रामीण 25 अप्रैल की दोपहर जंगली सूअर का शिकार करने के लिए पास में मौजूद बिमलापुर बेलकोता जंगल में गए हुए थे। जंगल में शिकार के लिए ग्रामीण भरमार बंदूक और अन्य अवैध हथियार लेकर गए हुए थे। शिकार के दौरान सभी ग्रामीण अलग अलग होकर शिकार की तलाश कर रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि जंगल में झाड़ियों के बीच से सरसराहट की आवाज आने पर राजेन्द्र पंडो ने भरमार बंदूक से गोली चला दी। गोली चलने के साथ ही झाड़ियों के बीच मौजूद 18 वर्षीय मुकेश कुमार आयाम को लग गई। मुकेश की चीख सुनकर राजेन्द्र पंडो मौके पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। गोली युवक के पीठ पर लगी थी और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर छटपटा रहा था। अपने ही साथी को गोली लगा हुआ देखने के बाद राजेन्द्र पंडो के होश उड़ गए और वह मौके पर ही हथियार को छोडकर फरार हो गया। डरे सहमे राजेन्द्र पंडो ने देर शाम गांव में पहुंचकर युवक



गोली लगने से मृत युवक।



जब्त भरमान बंदूक।

## पीठ पर लगी गोली, अंदर तक धंसी

बताया जा रहा है कि बेलसर निवासी 18 वर्षीय मुकेश कुमार आयाम आ. मंगार साय कक्षा 12वीं का छात्र था। युवक ग्रामीणों के साथ शिकार करने गया हुआ था। भरमार बंदूक से चली गोली युवक की पीठ पर लगी थी और गोली लगने के बाद पीठ पर का कपड़ा जल गया था और गोली अंदर तक धंस गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। युवक की मौत के बाद परिजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### रातभर की शव की पहरेदारी

घटना के बाद जंगल में परिजन ने पूरी रात शव की पहरेदारी की। शनिवार की सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को मर्ग कायम कर पंचनामा उपरान्त पीएम के लिए भेजा गया। इसके साथ ही पुलिस ने घटना स्थल से भरमार बंदूक को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### अवैध शिकार का चल रहा खेल

बड़ी बात यह है कि बलरामपुर जिले में जंगली सूअर का शिकार आम बात हो गई है। अक्सर ग्रामीण हाईटेंशन तार से अवैध कनेक्शन कार तरंगित तार का जाल फंसाकर शिकार करते है जिसमें कई बार युवकों की मौत हो चुकी है लेकिन जिस तरह हथियार लेकर ग्रामीण जंगल में गए थे उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि अवैध हथियार से शिकार करने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल गए होंगे। वहीं ग्रामीणों के पास भरमार बंदूक कहां से आए। अवैध शिकार के कारण क्षेत्र में आए दिन लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है।

### की जाएगी कार्रवाई

ग्रामीण अवैध शिकार के लिए जंगल में गए हुए थे। भरमार बंदूक की गोली लगने से युवक की मौत हुई है। फिलहाल इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी बलरामपुर

## गले, चेहरे पर धारदार हथियार के निशान

# महुआ बीनने निकली 8वीं की छात्रा हुई लापता, अगले दिन मिली नग्न लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दुष्कर्म के बाद हत्या की संभावना, रामानुजनगर थाना क्षेत्र की घटना, सेंदरी जंगल में मिली लाश

शनिवार को सूरजपुर जिले से एक बार फिर से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत सेंदरी जंगल में नाबालिग छात्रा की नग्न अवस्था में लाश मिली है। मृतिका के शरीर, गले पर धारदार हथियार से वार के निशान है। इसके साथ ही परिस्थितयों को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है और दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या की गई। नाबालिग घर से महुआ बिनने के लिए जंगल गई थी और उसके बाद से लापता थी। घटना की सूचना मिलने के बाद एसएसपी के साथ ही पुलिस के अधिकारी, एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक के साथ ही आक्रोश का माहौल है।

बताया जा रहा है कि रामानुजनगर थाना अंतर्गत रहने वाली 14 वर्षीया नाबालिग कक्षा 8वीं की छात्रा थी। छात्रा प्रतिदिन अपनी चाची के साथ महुआ बिनने के साथ घर से सवा किलोमीटर की दूरी पर मौजूद जंगल में जाती थी। 25 अप्रैल की सुबह नाबालिग की चाची किसी कारण से महुआ बिनने नहीं गई तो नाबालिग छात्रा अकेले ही भोर के लगभग 5.30 बजे महुआ बिनने के लिए साइकिल से निकल गई। आम तौर पर छात्रा दोपहर के 11 बजे तक वापस घर लौट आती थी लेकिन शुक्रवार की दोपहर 12 बजे तक जब छात्रा घर नहीं लौटी तो परिजन को उसकी चिंता हुई। छात्रा के परिजन उसकी तलाश में निकले लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सुबह से रात तक खोजबीन के बाद परिजन घर आ गए। इसके साथ ही 26 अप्रैल की सुबह पुनः परिजन और ग्रामीण नाबालिग की तलाश में निकले थे। इस दौरान महुआ पेड़ के जंगल से थोडा आगे बढ़ने पर उन्हें बांस के जंगल में एक स्थान पर बच्ची का टिफिन और झोला मिला जिसके बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो टिफिन से लगभग 300 मीटर की दूरी पर उसकी लाश पड़ी हुई थी। बच्ची की लाश नग्न अवस्था में थी जिसके बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। ग्रामीणों और परिजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़।



घटना स्थल पर मृत छात्रा की लाश, इनसेट में स्नीफर डॉग।

## धारदार हथियार से हत्या

घटना की सूचना मिलने के बाद रामानुजनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल पर घेराबंदी करने के साथ ही पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतिका के गले, चेहरे व हाथ पर धार दार अथियार से वार के निशान है जिससे यह पुष्ट हुआ है कि नाबालिग छात्रा की हत्या की गई है। इसके साथ ही मृतिका के कपड़े और चप्पल लाश से अलग दूसरी स्थान पर थे। परिस्थितयों को देखकर संभावना जताई जा रही है कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया है और दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या की गई। इसके साथ ही घटनास्थल पर लाश को घसीटे जाने के निशान भी मिले है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर के अनुसार लाश जहां मिला है वहीं थोड़ी दूरी पर उसके कपड़े भी रखे थे। घटनास्थल पर खून के निशान मिले है। फिलहाल जांच के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है।

### एक घर में जाकर रुका स्नीफर डॉग

बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों द्वारा स्नीफर डॉग की मदद ली गई। घटना स्थल पर मौजूद सबूतों के आधार पर स्नीफर डॉग के मदद से जांच की गई तो स्नीफर डॉग एक युवक के घर पर जाकर दो से तीन बार रुका लेकिन फिलहाल पुलिस को इस मामले में कोई सबूत नहीं मिल पाए है। अधिकारी हत्या की पुष्टि कर रहे है लेकिन पीएम रिपोर्ट के बाद ही यह साफ होगा कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इधर इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है इसके साथ ही घटना को लेकर लोग आक्रोशित है।

### चल रही है जांच

लापता नाबालिग की लाश मिली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम फॉरेंसिक व स्नीफर डॉग के माध्यम से मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-प्रशांत कुमार ठाकुर
एसएसपी



# साइबर ठगों ने ठगी की रकम कैश कराने निकाला नया तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- सरगुजा और राजपुर में 11 लाख 86 हजार की ठगी, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

साइबर ठगों ने अपने दो ठगी के पैसों को कैश करने का एक नया तरीका अपनाया है। ठग अब सीएससी सेंटरों को अपना निशाना बना रहे है। ठगों द्वारा बहन की शादी, बीमारी सहित अन्य बहाने बनाकर सीएससी सेंटरों के खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कर रहे है और फिर उस राशि को कैश कराने के बाद अपने साफ सुथरे खातें में जमा करा ले रहे है। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। एजेंटों ने राजपुर के साथ ही अंबिकापुर में लाखों रूपए की ठगी को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम खूटनपारा निवासी 24 वर्षीय राहुल कुमार कश्यप आ. शंकर कश्यप की नगर के सेंट्रल बैंक के सामने ग्राहक सेवा केंद्र संचालित है। युवक के सीएससी सेंटर में 23 अप्रैल की सुबह 11 बजे दो व्यक्ति आए थे और युवकों ने राहुल को बताया कि बहन की शादी है और उन्हें कुछ कैश की जरूरत है। वे राहुल के खाते में पैसा ट्रांसफर करवा रहे है और वह उन्हें अपने पास से कैश प्रदान कर दे। युवकों के झांसे में आकर राहुल ने अपनी पत्नी के नाम से संचालित बैंक खाता प्रदान कर दिया जिसमें 99 हजार रूपए ट्रांसफर हुए। रूपए ट्रांसफर होने के बाद राहुल ने उन्हें 99 हजार रूपए प्रदान कर दिया। जाते जाते ठगों ने राहुल को बताया कि कुछ देर में वे और पैसा ट्रांसफर करवाएंगे। शाम 4 से 5 बजे युवकों ने फोन कर फिर से पैसों की जरूरत बताई और 87 हजार रूपए ट्रांसफर करवा दिया। खाते में रूपए आने के बाद राहुल ने उन्हें 87 हजार रूपए दे दिया लेकिन 24 अप्रैल को राहुल को पता चला कि उसने अपनी पत्नी के जिस खाता नम्बर से 1 लाख 87 हजार रूपए मंगवाकर युवकों को दिया था वह खाता अब होल्ड हो चुका है। पत्नी के नाम का खाता होल्ड होने के बाद युवक के होश उड़ गए और उसने 25 अप्रैल को घटना की शिकायत पुलिस से की। मामले को ⏭ शेष पेज 4 पर

### देवघर में बैठा मास्टर माइंड

पुलिस के अनुसार पूछताछ में यह बात सामने आई कि देवघर में बैठा मास्टर माइंड राहुल उर्फ शंकर दादा ने अलग अलग राज्यों में अपने एजेंट बनाया गया है। आरोपी द्वारा साइबर फ्रॉड की वारदात को अंजाम दिया जाता है और साइबर ठगी से मिले रुपयों को कैश कराने के लिए उसने नया तरीका अपनाया। आरोपी द्वारा एजेंटों द्वारा सीएससी सेंटर से उपलब्ध कराए गए खाता नम्बर में ट्रांसफर कराया जाता है और यहां से उक्त कैश को लेकर पुनः दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया जाता है। इस बीच साइबर ठगी की शिकायत होते ही पुलिस उक्त खाता नम्बर को सीज कर देती है लेकिन वास्तव में उक्त खाता नम्बर ठग नहीं बल्कि सीएससी सेंटर का होता है। इस तरह से आरोपियों द्वारा फिलहाल राजपुर में 1 लाख 86 हजार और अंबिकापुर में 10 लाख रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की गई है। पुलिस अब गिरोह के सरगना की तलाश में जुट गई है।

## आलमारी का ताला तोड़ चोरों ने पार किया नकदी डेढ़ लाख

**अम्बिकापुर।** गंगापुर स्थित एक सूने मकान में धावा बोलकर चोरों अलमारी का ताला तोड़ नकदी डेढ़ लाख रुपए के अलावा एक बोरी चावल चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। साथ ही मोहल्ले के ही तीन लोगों द्वारा चोरी करने का संदेह जताया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गंगापुर स्कूल समीप निवासी कदम केली पति स्व. रामजीत मजदूरी का काम करती है। मजदूरी कर नातिन के शादी के लिए डेढ़ लाख रुपए जमा की थी और नकद राशि को घर के अलमारी में रखी थी। हर रोज की भांति 24 अप्रैल की सुबह मजदूरी करने चली गई। शाम को घर पहुंची तो देखा अलमारी का ताला टूटा और नगद डेढ़ लाख रुपए के अलावा एक बोरी चावल गायब था। पीड़िता ने पड़ोसियों ने पूछताछ की तो पड़ोसियों ने बताया कि मोहल्ले के ही सिमोन उर्फ कोन्दा, मुमताज अंसारी व दिपांशु उसके घर के अहाते से निकल रहे थे। जब पीड़िता ने कोन्दा को पकड़ पूछताछ की तो कोन्दा ने नकदी राशि को आपस में बांट लेने की बात बताई। जिस पर केली कदम केली ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 350 (ए), 331(3) व 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## जिपं सदस्य ने लगाया आरोप, तेजी से फैल रही आग से बांस जंगल को नुकसान

# टपरकेला बांस नर्सरी में लगी आग, सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दरिमा क्षेत्र के ग्राम टपरकेला बांस नर्सरी में शनिवार को आग लगने की घटना सामने आई है। बांस नर्सरी में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया है और आग लगातार फैलती जा रही है जिससे क्षेत्र के लोगों की चिंता बढ़ गई है। इधर आगजनी की घटना को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने सूचना के बाद भी कोई पहल नहीं किए जाने का आरोप वन विभाग के अधिकारियों पर लगाया है।

आरोप है कि लगातार सूचना के बाद भी वन विभाग और दमकल की टीम मौके पर नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह दरिमा क्षेत्र के ग्राम टपरकेला स्थिति बांस नर्सरी में अचानक ही आग लग गई। सुबह बांस नर्सरी में लगी आग तेजी से फैलने लगी। नर्सरी में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी लेकिन कोई भी आग बुझाने नहीं पहुंचा ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों ने ही किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन शाम को फिर से तेज हवा चलने लगी और आग ने विकराल रूप ले लिया। बांस नर्सरी में लगी आग तेजी से फैलने लगी। आग लगने की घटना को लेकर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा ने बताया कि सुबह ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई लेकिन आग फिर से फ़ैल गई। आग लगने की घटना के बाद भी वन कर्मी मौके पर नहीं है। आगजनी के घटना की जानकारी देने के लिए रेंजर और एसडीओ को फोन लगाया गया लेकिन किसी ने भी उनका नंबर नहीं उठाया। लगातार फोन करने के बाद वन विभाग से कोई मदद नहीं मिली। वहीं जब उन्होंने दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी तो दमकल विभाग ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि दमकल विभाग को जंगल की आग बुझाने का प्रशिक्षण नहीं मिला है। इधर आग लगने से बांस नर्सरी जलकर खाक हो रही है और इसमें रहने वाले जीव जन्तु प्रभावित हो रहे है।



### भेजी गई है टीम

आग लगने की सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया था। आग पर काबू पा लिया गया है। शाम को किसी ने दूसरी ओर आग लगा दिया है जिसे बुझाया जा रहा है।

-दीपेश कपिल, प्रशिक्षु डीएफओ

# सनकी युवक ने टांगी से वार कर बैल को उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** सनकी ग्रामीण ने टांगी मारकर बैल की हत्या कर दी। ग्रामीण ने जिस बैल की हत्या की है वो उसके पड़ोसी का है। इस घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई लेकिन सूचना मिलने के बाद भी पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाई और बैल की हत्या करने वाला युवक फरार हो गया। उक्त घटना सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उडुमकेला नावापारा की है जहां राजनाथ मांझी नामक सनकी युवक ने टांगी से मारकर एक बैल की हत्या कर दी। युवक ने जिस बैल की हत्या कि वो उसकी पड़ोसी फूलमती पति स्व. रतिराम मांझी का था। युवक ने दिनदहाड़े अपने घर के सामने टांगी मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने टांगी से बैल के ऊपर ताबड़तोड़ कई हमले किये जिससे काफी देर तक तड़पने के बाद बैल ने दम तोड़ दिया। जिस दौरान युवक इस घटना को अंजाम दे रहा था उस दौरान बैल की मालकिन मौके पर मौजूद थी लेकिन सनकी युवक के हाथों में टांगी देख डर के मारे उसने विरोध नहीं किया। इस घटना के बाद युवक मृत बैल को छुपाने की नीयत से घसीटते हुए घर के पीछे खेत की ओर ले गया। युवक द्वारा बैल की हत्या की खबर गांव में फैलते ही लोग आक्रोशित हो उठे। गांव का माहौल बिगड़ता इससे पहले ग्रामीणों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद युवक काफी देर तक गांव में घूमता रहा। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के काफी देर बाद जब पुलिस गांव पहुंची तब तक युवक गांव से फरार हो चुका था। इस संबंध में घटना की जांच करने गए सहायक उपनिरीक्षक रामकरण राजवाड़े ने बताया कि बैल का हत्यारा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक फरार हो गया था।

